web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 22 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 27

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पटाखे से 11 साल के बच्चे की आंख में लगी चोट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली इलाके में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए गए पटाखे के विस्फोट के कारण 11 वर्षीय लडक़े की आंख में गंभीर चोट लग गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की बिक्री और फोडऩे पर प्रतिबंध है। पुलिस के अनुसार, पूर्वोत्तर दिल्ली के शास्त्री पार्क निवासी एक लडक़े को पटाखे से चोट लगने के संबंध में एम्स अस्पताल से एक सूचना और मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) प्राप्त हुई थी। शुरुआती जांच में पता चला कि 15 अक्टूबर को रात करीब 8 बजे जब लडक़ा मेन रोड शास्त्री पार्क के पास अपने घर जा रहा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने सडक़ पर पटाखा फोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा, लडक़े की दाहिनी आंख में चोट लगी है। इस संबंध में विस्फोटक पदार्थों के संबंध में लापरवाही बरतने और जीवन को खतरे में डालने वाले कृत्य से चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने कहा, लडक़े को इलाज के बाद 17 अक्टूबर को छुट्टी दे दी गई। उसके पिता का तीस हजारी कोर्ट के पास ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। डीसीपी ने कहा, अपराधी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इलाके में सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया जा रहा है।

### भारत से तनाव के बीच कनाडा का बड़ा फैसला, मुंबई में वीजा ऑफिस किया बंद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत-कनाडा के बीच खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। इसको लेकर कनाडा की तरफ से अब एक और नया निर्णय लिया गया है। कनाडा ने मुंबई में अपना वीज़ा और काउंसलर एक्सेस बंद कर दिया है। जो भी अब कनाडा की यात्रा करना चाहते हैं उन्हें वीजा के लिए हेड ऑफिस दिल्ली से प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कनाडा ने अपने इस निर्णय के पीछे का फिलहाल कोई कारण नहीं बताया है। मुंबई ऑफिस में काम करने वाले स्टाफ का कहना है कि नागरिक अपने समस्याओं के लिए हमें मेल कर सकते हैं। फिलहाल ऑफिस में सभी प्रक्रियाएं बंद हैं। वीजा से जुड़े सभी काम अब दिल्ली के दफ्तर से किए जाएंगे। खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच के रिश्ते बिगड़े थे। जिसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाए थे कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ है। इसके बाद एक्शन लेते हुए कनाडा ने भारत के राजनयिक को निकाल दिया था। वहीं, जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी कनाडाई राजनयिक को हटा दिया था। इसके बाद शुक्रवार को कनाडा सरकार की तरफ से बताया गया कि उसने भारत स्थित उच्चायोग से 41 राजनयिकों को हटा दिया है।

### कर्ज में डूबे परिवार के तीन सदस्यों ने की खुदकुशी

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना बीती रात कुल्टी थाना क्षेत्र के बराकर नालीपाड़ा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान सुदीप्तो रॉय (66), उनकी पत्नी श्वेता रॉय (53) और उनके बेटे अग्निशंकर रॉय (29) के रूप में की गई। पुलिस ने कहा कि एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाने के फैसले के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। जांच अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रारंभिक सुरागों के अनुसार, वित्तीय समस्याएं इसका कारण हो सकती हैं। स्थानीय लोगों का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रिकवरी एजेंटों का दबाव आत्महत्या के पीछे का कारण हो सकता है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि अग्निशंकर रॉय परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और वह मुख्य रूप से निजी ट्यूशन के माध्यम से पैसा कमाते थे। हाल ही में परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्होंने खुद का बिजनेस शुरू करने का फैसला किया और बैंक से लोन लिया। उन्होंने बताया कि न तो उनका बिजनेस चला, और न ही वह ऋण चुका पाए। इसके बाद परिवार पर दबाव था। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## इसरो ने रचा इतिहास : गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इसरो ने शनिवार सुबह गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट लॉन्च कर इतिहास रच दिया है। इसरो ने शनिवार सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से गगनयान के क्रू मॉड्यूल को सफलता पूर्वक लॉन्च किया। हालांकि पहले तकनीकी कारणों से लांचिंग को कुछ समय से टाल दिया गया था।

बाद में इसरों ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट की सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 और टेस्ट व्हीकल डेवलपमेंट फ्लाइंट कहा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टीवी-डीवी 1 (क्रू मॉड्यूल) मिशन का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है। उन्होंने इस सफलता के इसरो की पूरी टीम को बधाई दी। टेस्ट व्हीकल एस्ट्रोनॉट के लिए बनाए गए क्रू मॉड्यूल को अपने साथ ऊपर ले गया। रॉकेट क्रू मॉड्यूल को लेकर साढ़े सोलह किलोमीटर ऊपर जाएगा और फिर बंगाल की खाड़ी में लैंड करेगा।

### अपने पहले सफर पर रवाना हुई नमो भारत ट्रेन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आज से नमो भारत ट्रेन के सुहाने सफर की शुरुआत हो गई है। इस ट्रेन की पहली टिकट लेने वाली यात्री प्रेमलता बनीं। लोग बड़ी उत्सुकता से ट्रेन की यात्रा करने पहुंच रहे हैं। लोग परिवार के साथ भी सफर के लिए पहुंचे। पहली ट्रेन साहिबाबाद से दुहाई के लिए रवाना हुई।

**खूबियां जो रैपिड रेल को मेट्रो से अलग बनाती हैं**

- मेट्रो के स्टेशन एक किमी की दूरी पर हैं, जबकि नमो भारत के स्टेशनों की दूरी लगभग चार किलोमीटर है।
- मेट्रो में सामान रखने को रैक नहीं है। नमो भारत में रैक है।
- मेट्रो में प्रत्येक सीट पर लैपटॉप, मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जिंग प्वाइंट नहीं है, नमो भारत में हैं।
- मेट्रो के अंदर खानपान का सामान नहीं मिलता है, नमो भारत के प्रीमियम कोच में यह सुविधा है।
- मेट्रो में स्ट्रेचर पर मरीज ले जाने की सुविधा नहीं है, नमो भारत में है।
- मेट्रो के स्टेशन दो तल के हैं, नमो भारत के दो से चार तल तक के हैं।
- मेट्रो में प्रीमियम कोच नहीं होता है, नमो भारत में प्रीमियम कोच है।
- मेट्रो पर पुलिस पोस्ट नहीं है, नमो भारत के प्रत्येक स्टेशन पर है।
- मेट्रो में अटेंडेंट की व्यवस्था नहीं है, नमो भारत में अटेंडेंट की व्यवस्था है।
- मेट्रो के दरवाजे खुद खुलते हैं, नमो भारत के बटन दबाने के बाद खुलेंगे।
- मेट्रो की अधिकतम स्पीड 60 किमी प्रतिघंटा होती है, नमो भारत की अधिकतम स्पीड 180 किमी. प्रतिघंटा है।
- मेट्रो के एक कोच में 50 लोग बैठ सकते हैं, नमो भारत के एक कोच में 72 लोग बैठ सकते हैं।

## दिल्ली में एक टन से ज्यादा अवैध पटाखे जब्त, दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ, दिल्ली पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में बैन पटाखों का कारोबार करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया और 1104 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद करने का दावा किया।

आरोपियों की पहचान रोशनआरा रोड निवासी सौरभ (25) और गोपालपुर निवासी रामप्रकाश (35) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, उन्हें दिल्ली के बुराड़ी के जगतपुर गांव स्थित एक गोदाम में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे रखे जाने की विशेष जानकारी मिली थी। इस खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई, जिसमें रामप्रकाश नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा गया। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा, गोदाम का निरीक्षण करने पर, पटाखों के कुल 53 कार्टन जब्त किए गए, जिनका वजन लगभग 1000 किलोग्राम था।

पूछताछ के दौरान, रामप्रकाश ने पटाखों की बिक्री और भंडारण के अवैध कारोबार में शामिल होने की बात कबूल की। यादव ने कहा, आरोपी ने बताया कि उसने परवेज, जय रावल और मनोज जैन नाम के व्यक्तियों से अवैध पटाखे खरीदे थे। अधिकारी ने कहा, इन लोगों को पकडऩे के लिए फिलहाल छापेमारी चल रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

एक अलग ऑपरेशन में, एक गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने एक कार को रोका और सौरभ नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा। कार की तलाशी लेने पर उन्हें 104 किलोग्राम अवैध पटाखे मिले।

उन्होंने आगे कहा, सौरभ ने स्वीकार किया कि उसने जल्दी ही लाभ कमाने के इरादे से हरियाणा के फारुख नगर के खुले बाजार से अवैध पटाखे खरीदे थे। जब पुलिस टीम ने उसे दिल्ली के क्राउन प्लाजा में रोका तो उसने अपनी अर्टिगा कार में 104 किलोग्राम पटाखे लाद लिए थे।

## दर्दनाक हादसा : सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत, 3 बच्चों की हालत गंभीर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात वैन में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात करीब 1 बजे रबूपुरा थानातंर्गत इलाके में नोएडा से जेवर की ओर जीरो पॉइंट से 25 किलोमीटर दूरी पर एक ईको वैन नंबर डीएल 3 सीसी 7136 में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के चलते वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन में कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा तीन बच्चे घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तीनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि वैन में सवार सभी लोग दिल्ली से झारखंड जा रहे थे। ग्रेटर नोएडा से जेवर की ओर जाने के दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस द्वारा मृतकों का पंचायतनामा भर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## महंगा पड़ा गोलगप्पे खाना, 40 लोगों की हालत बिगड़ी; अस्पताल में चल रहा इलाज

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के कोडरमा में गोलगप्पा खाकर 40 लोग फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। इनमें 30 बच्चे हैं। इन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बताया गया कि जिले की लोकाई पंचायत के गोसाईटोला और बलरोटांड गांव में शुक्रवार की शाम एक दुकानदार ने घूम-घूम कर गोलगप्पे बेचे। गोलगप्पे खाने के कुछ ही घंटे बाद ज्यादातर लोग उल्टी और दस्त की शिकायत करने लगे।

शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक जिले के सदर हॉस्पिटल में एक-एक कर 40 लोग इलाज कराने पहुंचे। कुछ को निजी अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। मरीजों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कोडरमा सदर हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। देर रात डॉक्टर पहुंचे, तब उनका इलाज शुरू हो पाया।

## रेल टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ अभियान, 48 टिकट दलाल गिरफ्तार; 1.52 लाख रुपए के टिकट जब्त



**हाजीपुर (आरएनएस)।** रेल टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पर्व त्योहारों के मौसम में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चलाए गए अभियान में 48 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया तथा 1.52 लाख रुपए के टिकट जब्त किए गए।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि त्योहारों के मौसम में पूर्व मध्य रेल द्वारा 20 अक्टूबर को अवैध रूप से रेल टिकट की खरीद, बिक्री करने वाले टिकट दलालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत टिकट दलाली के कुल 45 मामले पकड़ में आए। इन मामलों में अवैध रूप से रेल टिकटों की खरीद-बिक्री में लिप्त कुल 48 दलालों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से आगे की तिथि के लिए बुक किए गए 1.52 लाख रुपए मूल्य के 77 यात्रा टिकट बरामद किए गए।

इनके पास से उपयोग कर लिए गए 10.43 लाख के 650 यात्रा टिकट भी बरामद किए गए। पकड़े गए सभी टिकट दलालों के विरूद्ध रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान में दानापुर मंडल में 9 मामलों में 9 टिकट दलालों को पकड़ा गया, जिससे आगे की तिथि की लगभग 49 हजार रुपए के 19 टिकट तथा उपयोग किए गए 1.60 लाख के 86 टिकट बरामद किए गए।

इसी तरह पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल में 8 मामलों में 10 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया। जबकि, धनबाद मंडल में 9 मामलों में 10 टिकट दलाल और सोनपुर मंडल में 11 मामलों में 11 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया। समस्तीपुर मंडल में 8 मामलों में 8 टिकट दलालों को पकड़ा गया।

## दिल्ली आ रही फ्लाइट में बम की सूचना से मचा हड़कंप, 40 मिनट तक हवा में रहा विमान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुणे से दिल्ली जा रही अकासा फ्लाइट की मुंबई में बम की सूचना के बाद इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जैसे ही फ्लाइट ने टेकऑफ किया फ्लाइट में बम की सूचना मिली थी। इसके बाद विमान को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। इस दौरान विमान करीब 40 मिनट तक हवा में रहा। रात 12.42 बजे फ्लाइट छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट पर लैंड हुई और सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया। फ्लाइट में 6 क्रू मेंबर्स सहित 185 यात्री सवार थे।

एक अधिकारी ने बताया कि बीती रात क़रीब 2.30 बजे सीआईएसएफ़ के अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने मुंबई पुलिस कंट्रोल के हॉट लाइन पर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद फ़्लाइट के उस यात्री के सामान की तलाशी ली गई और उस समय वहां पर बीडीडीएस की टीम के साथ-साथ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

संदिग्ध यात्री के सामान की सघन जांच के दौरान पुलिस को किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एक अधिकारी ने बताया कि जिस शख़्स ने उसके बैग में बम होने की बात कही थी, उसके सीने में दर्द हो रहा था। जिसके बाद उसे तुरंत एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया।

## अहमदाबाद के एक व्यक्ति पर अमेरिकी से धोखाधड़ी का मामला दर्ज, क्रिप्टो वॉलेट से 9.3 लाख डॉलर बरामद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को कहा कि उसने रामावत शैशव उर्फ जेम्स कार्लसन के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाशी ली और उसके क्रिप्टो वॉलेट से 9.3 लाख अमेरिकी डॉलर बरामद किए। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि अहमदाबाद में शैशव के परिसरों पर तलाशी ली गई, जिसमें क्रिप्टो वॉलेट्स और आपत्तिजनक सामग्री से 9.3 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की क्रिप्टो मुद्राएं बिटकॉइन, एथेरियम, रिपल, यूएसडीटी आदि की बरामदगी और जब्ती हुई।

अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान अहमदाबाद के रहने वाले दो अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता भी सामने आई है।

इसलिए, उक्त व्यक्तियों के परिसरों पर भी तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप मोबाइल फोन, आपत्तिजनक सामग्री वाले लैपटॉप आदि बरामद हुए।

एजेंसी ने कहा कि यह आरोप लगाया गया था कि उक्त शैशव ने जेम्स कार्लसन के छद्म नाम से एक अमेरिकी नागरिक से फोन पर संपर्क किया, खुद को एक मल्टी-नेशनल कंपनी के धोखाधड़ी विभाग से बताया और पीडि़त को गलत तरीके से सूचित किया कि कोई पीड़ित के खाते का उपयोग करके एक कंप्यूटर का ऑर्डर देने की कोशिश कर रहा है। अधिकारी ने कहा, यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने पीड़ित को गुमराह भी किया कि चार अलग-अलग प्रांतों में लोगों ने उक्त एमएनसी के खाते खोलने के लिए पीड़ित के सामाजिक सुरक्षा नंबर का इस्तेमाल किया था।सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि शैशव ने पीड़ित को अपने बैंक खातों से नकदी निकालने और रॉकिटकॉइन एटीएम वॉलेट में बिटकॉइन में जमा करने के लिए प्रेरित किया और एक क्यूआर कोड साझा किया और उसे गलत जानकारी दी कि यह पीड़ित के लिए अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा खोला गया खाता था। एजेंसी ने कहा, आरोपी ने पीड़ित का विश्वास हासिल करने के लिए 20.09.2022 को कथित तौर पर संघीय व्यापार आयोग, अमेरिका द्वारा जारी एक फर्जी पत्र भी ईमेल किया। पीड़ित ने पिछले साल 30 अगस्त से 9 सितंबर की अवधि के दौरान अलग-अलग तारीखों पर अपने बैंक खातों से 1,30,000 अमेरिकी डॉलर निकाले और उसे आरोपी द्वारा दिए गए बिटकॉइन पते पर जमा कर दिया।

## पीएम मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर की पुलिसकर्मियों के 'अथक समर्पण' की सराहना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पुलिस कर्मियों के अथक समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें मजबूत स्तंभ करार दिया, और कहा कि सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वीरता की सच्ची भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस बल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 'एक्स', जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था, का सहारा लिया।

मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम अपने पुलिसकर्मियों केअथक समर्पण की प्रशंसा करते हैं। वे सहयोग, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नागरिकों का मार्गदर्शन करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मजबूत स्तंभ रहे हैं। सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वीरता की सच्ची भावना का प्रतीक है। अपना जीवन बलिदान करने वाले उन तमाम पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि।

गौरतलब है कि 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर मुख्य समारोह आयोजित कर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिसकी अध्यक्षता परंपरागत रूप से केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं।